गोपनीय

# मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्

विज्ञान भवन, नेहरू नगर, भोपाल

## कार्यकारी समिति
## की
## 56 वीं बैठक

# कार्यवाही विवरण

तिथि: ~~09~~ [10]–03–2016 (गुरूवार) समय: अपरांह 03.00 बजे

स्थान

समिति कक्ष क्र. 07, विधानसभा भवन, भोपाल

डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि., भोपाल

# कार्यकारी समिति की 56 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

| | |
|---|---|
| स्थानः समिति कक्ष क्र. 07, विधानसभा भवन | तिथिः 10–03–2016 (गुरूवार)<br>समयः दोपहर 03.00 बजे |

श्री भूपेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, कार्यकारी समिति एवं माननीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, म. प्र. शासन की अध्यक्षता में, कार्यकारी समिति की 56 वीं बैठक, समिति कक्ष. 07, विधानसभा भवन में सम्पन्न हुई।

उपस्थिति निम्नानुसार थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माननीय श्री भूपेन्द्र सिंह,<br>अध्यक्ष कार्यकारी समिति एवं मंत्री, म. प्र. शासन,<br>विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भोपाल | अध्यक्ष |
| 2. | श्री मनीष रस्तोगी,<br>सचिव, म. प्र. शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग | सदस्य |
| 3. | श्री व्ही. के. बरोनिया,<br>उप सचिव, म. प्र. शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग<br>(प्रमुख सचिव के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4. | डॉ. बी. लक्ष्मीनारायण,<br>उप संचालक, तकनीकी शिक्षा,<br>(प्रमुख सचिव के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 5. | प्रो. प्रमोद के. वर्मा (महानिदेशक)<br>मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल | सदस्य |
| 6. | डॉ. आर. के. सिंह (कार्यकारी संचालक)<br>मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल | सदस्य–सचिव |

डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि. एवं प्रौ.परि., भोपाल

कार्यसूची क्रमांक – 01

**विषयः कार्यकारी समिति की 55 वीं बैठक (दिनांक 22–09–2014) में पारित निर्णयों का पालन प्रतिवेदन एवं कार्य विवरण की पुष्टि।**

निर्णयः अ. पालन प्रतिवेदन ग्राह्य किया गया।
ब. कार्य विवरण की पुष्टि की गई तथा कार्य सूची क्र. (3) के संबंध में, अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए कि नवीन पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभ की गई प्रक्रिया निरस्त की जाये एवं सृजित पदों का वित्त विभाग से अनुमोदन लिया जाये तथा भर्ती की पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाये।

कार्यसूची क्रमांक – 02

**विषयः परिषद् की कार्य योजना, बजट (वर्ष 2015–16) एवं प्राप्तियॉ एवं भुगतान (वर्ष 2014–15) का अवलोकन एवं अनुमोदन।**

निर्णयः परिषद् की कार्य योजना, बजट (वर्ष 2015–16) एवं प्राप्तियॉ एवं भुगतान (वर्ष 2014–15) का अनुमोदन किया गया।

कार्यसूची क्रमांक – 03

**विषयः नवीन निर्माण कार्य एवं उपकरणों का क्रय।**

**अ. बुंदेलखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्टेशन, खुरई की स्थापना एवं परिषद् के अन्य विविध निर्माण कार्यों का अनुमोदन**

निर्णयः प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया एवं निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाए।

**ब. उज्जैन तारामंडल का क्षेत्र– विकास एवं विस्तार कार्य।**

निर्णयः प्रस्ताव अनुसार उज्जैन के तारामंडल परिसर में माननीय मुख्यमंत्री जी घोषणा क्र. ए–3468 के अनुपालन में, अत्याधुनिक 3 डी तकनीक के थियेटर के निर्माण कार्य प्रारंभ करने की अनुमति दी गई।

**स. जलवायु परिवर्तन शोध केन्द्र एवं गुणवत्ता आश्वासन प्रयोगशाला हेतु उपकरण क्रय की अनुमति बाबत्।**

**1. जलवायु परिवर्तन शोध केन्द्र हेतु उपकरण क्रय की प्रकिया का सक्षम अनुमोदन।**
**2. रेडियो कार्बन डेटिंग प्रयोगशाला हेतु उपकरण क्रय की अनुमति बाबत्।**
**द. उन्नत अनुसंधान उपकरण सुविधा केन्द्र**

निर्णयः परिषद् में प्रयोगशालाओं को अद्यतन करने एवं नवीन उपकरण क्रय करने के संबंध में निर्देश दिए गए कि राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों की समिति बनाकर उनकी अनुशंसा अनुसार नवीन उपकरणों का क्रय शासन के भंडार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम–2015 के तहत् क्रय करने की आगामी कार्यवाही हेतु प्रकरण माननीय अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत कर अनुमति ली जाए।



डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्यो. परि., भोपाल

कार्यसूची क्रमांक – 04

**विषयः** परिषद् के सेवा भर्ती नियम–2013 के विरूद्ध प्राप्त अभ्यावेदनों पर गठित समिति की अनुशंसाए।

**निर्णयः** समिति की अनुशंसा मान्य किए जाने की सहमति दी गई।

## माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

**SP-1. परिषद् में कार्यरत परियोजना अमले के फैलोशिप राशि में वृद्धि बाबत्।**

**निर्णयः** प्रस्ताव आगामी कार्यकारी समिति की बैठक में रखने हेतु निर्देश दिए गए।

**SP-2. वित्तीय अनुदान प्रदान करने हेतु एन जी ओ के मापदण्ड का निर्धारण।**

**निर्णयः** प्रस्ताव पर विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया कि वर्तमान में निर्धारित प्रक्रिया को ही यथावत् रखा जाए।

(भूपेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष
म. प्र. वि. एवं प्रौ. परिषद् एवं
माननीय मंत्री, म. प्र. शासन,
वि. एवं प्रौ. विभाग

(प्रो. प्रमोद के. वर्मा)
संयोजक
महानिदेशक,
म. प्र. वि. एवं प्रौ. परिषद्

(डॉ. आर. के. सिंह)
सदस्य सचिव
कार्यकारी संचालक
म. प्र. वि. एवं प्रौ. परिषद्

डॉ. आर. के. सिंह
कार्यपालक संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि.,भोपाल